**Series : 2EHFG**

**SET ~ 1**

प्रश्न-पत्र कोड **3/2/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

#

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **15** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खण्ड हैं – खण्ड **क**, **ख**, **ग** और **घ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** में कुल **2** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **10** है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में कुल **4** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **20** है।*

*(v)* ***खण्ड ग** में कुल **5** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **21** है।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में कुल **4** प्रश्न हैं।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, कुछ खण्डों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(viii)* *यथासंभव सभी खण्डों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खण्ड क

## (अपठित बोध)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

दिनकर जी ने माना है कि उन पर प्रारम्भ से ही जितना प्रभाव रवीन्द्रनाथ ठाकुर का रहा उतना ही मोहम्मद इकबाल का। बाद में इलियट की काव्य-शैली और विचार-दृष्टि ने उनके कवि मानस को छूकर दूर भीतर तक उन्मथित कर दिया। परिणामत: उनकी कविताओं ने एक नई भंगिमा को ग्रहण किया।

दिनकर जी अपने युग के एक प्रमुख कवि ही नहीं, सफल और प्रभावपूर्ण गद्य लेखक भी थे। सीधी-सरल भाषा और अत्यन्त प्रांजल शैली में उन्होंने विभिन्न साहित्यिक विषयों पर निबन्ध भी दिए हैं, तो बोधकथा, डायरी-संस्मरण भी, और दर्शन-इतिहासगत तथ्यों के विवेचन भी।

'दिनकर' जी जीवन भर संघर्षरत रहे। साहित्य और राजनीति दोनों के बीच उनका मन रमता था और इन दोनों ही क्षेत्रों में उनको सफलता मिली। साहित्य जगत द्वारा प्रदत्त ज्ञानपीठ पुरस्कार ने दिनकर जी को प्रफुल्लित कर दिया। उनके अन्तरंग मित्रों को यह ज्ञात है कि ज्ञानपीठ पुरस्कार उनके जीवन के अन्तिम अध्याय का स्वर्णिम क्षण सिद्ध हुआ। पुरस्कार प्राप्त कर 'दिनकर' जी अभिभूत थे क्योंकि कवि का मन अपनी रचनाओं की स्वीकृति, विशेष रूप से सुधीजनों द्वारा उनका प्रशंसित और समादृत होना, अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानता है। ज्ञानपीठ पुरस्कार के मिलने के बाद उन्होंने अप्रैल, 1974 में तिरुपति की यात्रा की। जब 'दिनकर' जी मद्रास पहुँचे तो यह एक सुखद संयोग था कि उनके सर्वाधिक स्नेही मित्र थे गंगाशरण सिंह और जयप्रकाश बाबू भी वहीं थे। उसी शाम उन्होंने मद्रास के समुद्र तट पर अपने कुछ मित्रों को अपनी सुन्दर-सुन्दर रचनाएँ सुनाईं। तब कोई नहीं जानता था कि आज 23 – 24 अप्रैल की शाम गंगा की गोद में उत्पन्न दिनकर जी के अस्ताचल जाने की शाम थी। उसी रात मद्रास में ही 'दिनकर' जी की जीवन लीला समाप्त हो गई और फिर उनका पार्थिव शरीर मद्रास से दिल्ली होकर पटना लाया गया।

(i) दिनकर जी के लेखन पर किन-किन कवियों का प्रभाव रहा है ? *1*

I. इलियट

II. रवीन्द्रनाथ ठाकुर

III. मोहम्मद इकबाल

IV. गंगाशरण सिंह

(A) I, III और IV

(B) I, II और III

(C) II, III और IV

(D) I, II और IV

(ii) दिनकर जी के बारे में कौन-सा तथ्य ***असत्य*** है ? *1*

(A) वे एक प्रमुख कवि थे परंतु असफल गद्य लेखक भी थे।

(B) उनकी शैली प्रांजल थी तथा वे साहित्यिक निबंध लिखते थे।

(C) ज्ञानपीठ पुरस्कार उनके जीवन के अंतिम अध्याय का स्वर्णिम पन्ना है।

(D) बोधकथा, डायरी, संस्मरण के अतिरिक्त दिनकर जी ने इतिहास के विषय में भी लिखा है।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : पुरस्कार प्राप्त कर मन अभिभूत हो जाता है।

*कारण* : पुरस्कार विद्वज्जनों द्वारा दी जाने वाली सराहना और सम्मान का प्रतीक है।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है और कारण भी पूरी तरह ग़लत ही है।

(B) कथन सही है परंतु कारण आंशिक रूप से सही है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या भी है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, परंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या ***नहीं*** है।

(iv) दिनकर जी की रचनाशीलता की दो विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। *2*

(v) ज्ञानपीठ पुरस्कार का दिनकर जी के जीवन में क्या महत्त्व रहा ? *2*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

प्राइवेट बस का ड्राइवर है तो क्या हुआ
सात साल की बच्ची का पिता तो है !
सामने गियर से ऊपर
हुक से लटका रक्खी हैं
काँच की चार चूड़ियाँ गुलाबी
बस की रफ़्तार के मुताबिक
हिलती रहती हैं ···
झुककर मैंने पूछ लिया
खा गया मानो झटका
अधेड़ उम्र का मुच्छड़ रोबीला चेहरा
आहिस्ते से बोला : हाँ सा'ब
लाख कहता हूँ, नहीं मानती है मुनिया
टाँगे हुए है कई दिनों से
अपनी अमानत
यहाँ अब्बा की नज़रों के सामने
मैं भी सोचता हूँ
क्या बिगाड़ती हैं चूड़ियाँ
किस जुर्म पे हटा दूँ इनको यहाँ से ?
और ड्राइवर ने एक नज़र मुझे देखा
और मैंने एक नज़र उसे देखा
छलक रहा था दूधिया वात्सल्य बड़ी-बड़ी आँखों में
तरलता हावी थी सीधे-सादे प्रश्न पर
और अब वे निगाहें फिर से हो गईं सड़क की ओर
और मैंने झुककर कहा –
हाँ भाई, मैं भी पिता हूँ
वो तो बस यूँ ही पूछ लिया आपसे
वर्ना ये किसको नहीं भाएँगी ?
नन्हीं कलाइयों की गुलाबी चूड़ियाँ !

(i) बस में कवि को सबसे अधिक आकर्षित करने वाली बात क्या थी ? *1*

(A) बस की रफ़्तार

(B) ड्राइवर का रोबीला चेहरा

(C) सात साल की बच्ची की मौज़ूदगी

(D) लटकी हुई गुलाबी चूड़ियाँ

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : बस का ड्राइवर चूड़ियों को हटाने के विषय में सोचता है।

*कारण* : चूड़ियों से बस चलाने में बाधा पहुँचती है।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परंतु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है, परंतु कारण ग़लत है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(iii) कवि ने 'गुलाबी चूड़ियों' के विषय में बस के ड्राइवर से क्यों पूछा था ? *1*

(A) सहज जिज्ञासा वश

(B) आपत्ति जताने के लिए

(C) कवि भी पिता था इसलिए

(D) सफ़र की ऊब को दूर करने के लिए

(iv) कविता का मूल भाव क्या है ? इसे पढ़ते हुए आप स्वयं क्या महसूस करते हैं ? *2*

(v) बस की गियर से ऊपर लटकी गुलाबी चूड़ियों को किसने और क्यों लटकाया है ? *2*

## खण्ड ख

### (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) वे भारत में बस जाने के बाद दो या तीन बार अपने परिवार से मिलने भारत से बेल्जियम गए थे। (रचना के अनुसार वाक्य का भेद पहचानकर लिखिए)

(ख) जो शांति बरसती थी वह चेहरे पर थिर थी। (आश्रित उपवाक्य और उसका भेद पहचानकर लिखिए)

(ग) वे रिश्ता बनाते थे तो तोड़ते नहीं थे। (सरल वाक्य में बदलिए)

(घ) अपने अभिन्न मित्र डॉ. रघुवंश को वे उन चिट्ठियों को दिखाते थे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ङ) उनकी बहन सख़्त और ज़िद्दी थी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

**4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) मैंने राहत की साँस ली। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) गार्गी द्वारा बड़े-बड़े विद्वानों को शास्त्रार्थ में हराया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ग) बीमारी के कारण वे ज्यादा देर बैठ न सकीं। (भाववाच्य में बदलिए)

(घ) पंडिता रमाबाई ने भारत में स्त्री-मुक्ति की नींव डाली। (वाच्य-भेद पहचानकर लिखिए)

(ङ) चलो, सोया जाए। (वाच्य-भेद पहचानकर लिखिए)

**5.** निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) मैं शुरू से ही देर तक सोने वाला हूँ।

(ख) उसने प्राणांतक परिश्रम किया किंतु सफल नहीं हो सका।

(ग) एक दिन वह घूमने नहीं आया।

(घ) तुम कब जाओगे ?

(ङ) हमारी जीप थोड़ी और आगे बढ़ी।

**6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति से अलंकार पहचानकर लिखिए :
"गोपी पद-पंकज पावन की रज जामैं सिर भीजै।"

(ख) "उस काल मारे क्रोध के तन काँपने उसका लगा।
मानो हवा के वेग से सोता हुआ सागर जगा।"
— पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?

(ग) "एक साथ रघु ने पैरों से चाँपा अविकल।
पितृ-दत्त सिंहासन और सकल अरिमंडल।"
— काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार पहचानिए।

(घ) मानवीकरण अलंकार का एक उपयुक्त उदाहरण किसी काव्य-पंक्ति द्वारा दीजिए।

(ङ) कविता की उपयुक्त पंक्तियों के माध्यम से उपमा अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।

## खण्ड ग
## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित)

**7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

उस ज़माने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं इसलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे। आज तो मुझे बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी ज़िंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ़्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत 'पड़ोस-कल्चर' से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है। मेरी कम-से-कम एक दर्जन आरंभिक कहानियों के पात्र इसी मोहल्ले के हैं जहाँ मैंने अपनी किशोरावस्था गुज़ार अपनी युवावस्था का आरंभ किया था। एक-दो को छोड़कर उनमें से कोई भी पात्र मेरे परिवार का नहीं है। बस इनको देखते-सुनते, इनके बीच ही मैं बड़ी हुई थी लेकिन इनकी छाप मेरे मन पर कितनी गहरी थी, इस बात का अहसास तो मुझे कहानियाँ लिखते समय हुआ। इतने वर्षों के अंतराल ने भी उनकी भाव-भंगिमा, भाषा, किसी को भी धुँधला नहीं किया था और बिना किसी विशेष प्रयास के बड़े सहज भाव से वे उतरते चले गए थे। उसी समय के दा साहब अपने व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पाते ही 'महाभोज' में इतने वर्षों बाद कैसे एकाएक जीवित हो उठे, यह मेरे अपने लिए भी आश्चर्य का विषय था... एक सुखद आश्चर्य का।

(i) वर्तमान समय में पड़ोस कल्चर के समाप्त होने का/के क्या कारण है/हैं ? इस प्रश्न के उत्तर में उचित विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए :

I. फ्लैट संस्कृति का जन्म लेना

II. अपनी ज़िंदगी खुद जीने का दबाव

III. संयुक्त परिवारों का विघटित होना

IV. पाश्चात्य संस्कृति का बढ़ता प्रभाव

**विकल्प :**

(A) केवल I सही है

(B) केवल IV सही है

(C) I और II दोनों सही हैं

(D) II और III दोनों सही हैं

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

*कथन* : परंपरागत 'पड़ोस-कल्चर' से अलग होकर हम संकुचित, असहाय और असुरक्षित बन गए हैं।

*कारण* : स्वायत्ततापूर्ण ज़िंदगी जीने के महानगरीय दबाव ने मनुष्य को स्वार्थी और आत्मकेन्द्रित बना दिया है।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, परंतु कारण ग़लत है।

(B) कथन ग़लत है, परंतु कारण सही है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, परंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या ***नहीं*** है।

(iii) लेखिका की कहानियों के पात्रों के बारे में कहा जा सकता है :

I. उनकी आरंभिक कहानियों के पात्र उनके मोहल्ले के ही थे।

II. अधिकांशत: पात्र उनके परिवार से ही आते हैं।

III. शुरू के पात्र उनकी किशोरावस्था और युवावस्था की स्मृतियों से आते हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I सही है

(B) I और II सही हैं

(C) I और III सही हैं

(D) II और III सही हैं

(iv) 'घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं होने' का आशय क्या है ?

(A) आस-पड़ोस के घरों से अपने घर जैसे आत्मीय संबंध।

(B) आस-पड़ोस के घरों की दीवारों का आपस में मिला-जुला होना।

(C) मोहल्ले के हर घर में आने-जाने पर पाबंदी लग जाना।

(D) मोहल्ले के अन्य घरों से निश्चित और सीमित संबंध रखना।

(v) लेखिका के लिए भी सुखद आश्चर्य का विषय क्या था ?

(A) उनके पात्र एकदम जीवंत कैसे बनते रहे।

(B) उनके समय में सब एक-दूसरे से खुलकर मिल पाते थे।

(C) आज के फ़्लैट कल्चर ने हमें किस प्रकार असहाय बना दिया है।

(D) अतीत के पात्रों का भाव-भंगिमा सहित कहानी में जीवंत हो उठना।

**8.** निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) ‘नेताजी का चश्मा’ पाठ में कस्बे के लोगों के किस प्रयास को सराहनीय कहा जा रहा है और क्यों ?

(ख) बालगोबिन भगत ने अपनी पतोहू की चिंता किस प्रकार की ? इससे उनके व्यक्तित्व के किस गुण का पता चलता है ?

(ग) ‘संस्कृति’ पाठ के संदर्भ में असंस्कृति और असभ्यता किसे कहेंगे ? सोदाहरण लिखिए।

(घ) ‘लखनवी अंदाज़’ के दोनों पात्र – नवाब साहब और लेखक मूलत: एक समान सफ़ेदपोश सज्जन हैं। – इस कथन को उदाहरण सहित सत्य सिद्ध कीजिए।

**9.** निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तौ यहै ‘सूर’, जो प्रजा न जाहिं सताए॥

(i) प्रस्तुत पद में ‘राजनीति’ का प्रयोग हुआ है :
(A) चतुराई के अर्थ में
(B) अच्छे कर्मों के उदाहरण में
(C) कर्तव्यपालन के अर्थ में
(D) कृष्ण की प्रशंसा के संदर्भ में

(ii) गोपियों के द्वारा ‘मधुकर’ किसे कहा जा रहा है ?

(A) कृष्ण को

(B) भ्रमर को

(C) उद्धव को

(D) हरि को

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

*कथन* : गोपियाँ पहले के लोगों को भला कह रही हैं।

*कारण* : वे लोग इधर-उधर डोलते-दौड़ते रहते थे।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परंतु कारण सही है।

(B) कथन सही है, परंतु कारण ग़लत है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या है।

(D) कथन और कारण दोनों ही ग़लत हैं।

(iv) इस पद में गोपियों ने श्रीकृष्ण पर कौन-कौन से आक्षेप लगाए हैं ?

I. उन्होंने राजनीति सीख ली है।

II. पहले से ही चतुर थे, अब तो बड़े-बड़े ग्रंथ भी पढ़ लिए।

III. योग-संदेश भेजने का अर्थ है कि उनकी चालाकी और बढ़ गई है।

**विकल्प :**

(A) I और II दोनों

(B) I और III दोनों

(C) I, II और III तीनों

(D) II और III दोनों

(v) ‘राजधर्म’ क्या है ?

(A) स्वयं अन्याय करना

(B) दूसरों के अन्याय को रोकना

(C) प्रजा को न सताना

(D) गोपियों को योग-संदेश भिजवाना

**10.** निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) अपने पाठ्यक्रम से पढ़ी एक ऐसी कविता का उल्लेख कीजिए जो पूरी तरह प्रकृति की शोभा पर केन्द्रित है। कविता के केंद्रीय भाव को भी लिखिए।

(ख) 'यह दंतुरित मुस्कान' का कवि बालक की माँ को धन्य क्यों कह रहा है ? शिशु के प्रति माता किन कर्तव्यों का निर्वाह करती है ?

(ग) 'आत्मकथ्य' का लेखक आत्मकथा नहीं लिखते हुए भी अपने जीवन की झलकियाँ हमारे सामने रख देता है। कविता के आधार पर किन्हीं दो का वर्णन कीजिए।

(घ) 'संगतकार' के दो गुणों का उल्लेख करते हुए लिखिए कि इन्हीं दो का चयन आपने क्यों किया है।

**11.** पूरक पाठ्य-पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि हिरोशिमा में लेखक ने क्या-क्या देखा और उसकी अनुभूति को किसने झकझोरा ? हिरोशिमा की विभीषिका से मनुष्य-जगत क्या सीख सकता है ?

(ख) 'माता का अँचल' में भोलानाथ के पिता उसके जीवन से किस प्रकार जुड़े थे ? सोदाहरण लिखिए। भोलानाथ के पिता जैसा व्यवहार बच्चों के जीवन में क्यों आवश्यक होता है ? अपने विचारों के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'साना साना हाथ जोड़ि' पाठ की लेखिका जितना ही बाहर के सौंदर्य से अभिभूत हो रही थीं उतना ही अपने भीतर डूब जा रही थीं। पाठ से दो उदाहरण लेकर लेखिका की दोनों अवस्थाओं का चित्रण कीजिए।

## खण्ड घ
## (रचनात्मक लेखन)

**12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *6*

(क) शहरीकरण और प्रदूषण की समस्या

संकेत-बिंदु

- शहरीकरण का अभिप्राय
- शहर प्रदूषण के लिए अधिक ज़िम्मेदार कैसे ?
- विकास की गति को बनाए रखकर भी प्रदूषण पर नियंत्रण कैसे करें ?

(ख) शारीरिक श्रम : स्वास्थ्य का आधार

संकेत-बिंदु

- आधुनिक जीवन-शैली के चलते घटता शारीरिक श्रम
- स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक श्रम की आवश्यकता
- शारीरिक श्रम से होने वाले लाभ

(ग) सफलता के बदलते मानदंड

संकेत-बिंदु

- वर्तमान में सफल होने का अर्थ
- सफलता के पुराने निकष और वर्तमान में बदली कसौटियाँ
- बदलाव का समाज और नई पीढ़ी पर प्रभाव

**13.** (क) आपका नाम आन्या/सिद्दीक है। आपने अपने किसी कार्य से अपने प्रिय मित्र को चोट/ठेस पहुँचाई है। मित्र का दिल ऐसा दुखा कि वह अब आपसे बात नहीं करता/करती। लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखते हुए 'उक्त' कार्य का उल्लेख कर क्षमा माँगते हुए आश्वस्त करें कि भविष्य में आप ध्यान रखेंगे कि ऐसी स्थिति ना हो। *5*

**अथवा**

(ख) आपका नाम आन्या/सिद्दीक है और आप अपने विद्यालय के छात्र-अध्यक्ष हैं। प्रधानाध्यापिका को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर सुझाव दीजिए कि एक अंतर कक्षा वाद-विवाद प्रतियोगिता कब, कैसे और किन कक्षाओं के बीच करवाई जा सकती है। यह प्रतियोगिता क्यों करवानी चाहिए इसके लिए भी तर्क दीजिए। *5*

**14.** (क) आपका नाम रोज़ी/राकेश है और आपने हाल ही में पुस्तकालय-विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। शहर के सबसे बड़े सार्वजनिक पुस्तकालय में कनिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष की रिक्ति के लिए आवेदन हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना स्ववृत्त तैयार कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) आपका नाम रोज़ी/राकेश है और आप दूर-दराज़ के एक गाँव में रहते हैं। वहाँ से आपने ज़रूरी दवाएँ 'अ.ब.स.' नामक कंपनी से मँगाई हैं। कंपनी ने सप्ताह भर में भेजने का वादा करके तीन सप्ताह लगा दिए पर दवाएँ अब तक नहीं पहुँची हैं। जबकि आप अग्रिम भुगतान कर चुके हैं। कंपनी के 'उपभोक्ता-शिकायत विभाग' में 'उपभोक्ता कोर्ट' में इसकी शिकायत दर्ज करवाने की चेतावनी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। *5*

**15.** (क) 'धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है' विषय पर स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से लगभग 40 शब्दों में एक जनहितकारी विज्ञापन तैयार कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) आपका नाम मोइन/स्नेहा है। आपके बड़े भाई का चयन 'एन.डी.ए.' में हो गया है। उनको लगभग 40 शब्दों में बधाई एवं शुभकामना देते हुए संदेश लिखिए। *4*